# अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म चार दिसंबर को होगी रिलीज

**बॉलीवुड** स्टार अक्षय कुमार और विद्या बालन की अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म चार दिसंबर 2026 को रिलीज़ होगी.

अक्षय कुमार, विद्या बालन और निर्देशक अनीस बज्मी एक बार फिर एक बड़े फैमिली एंटरटेनर के लिए साथ आ रहे हैं. इस अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म की रिलीज़ डेट चार दिसंबर 2026 तय की गई है.हाल ही में फिल्म का केरल शेड्यूल पूरा हुआ है और खबर है कि मेकर्स जल्द ही अक्षय कुमार का नया लुक या स्टिल शेयर कर सकते हैं.

यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक अक्षय कुमार और अनीस बज्मी को फिर साथ ला रही है. दोनों ने पहले भी कई ऐसी मनोरंजक फिल्में दी हैं जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया. कॉमेडी, मस्ती और फैमिली एंटरटेनमेंट के लिए मशहूर यह जोड़ी इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है.

श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार और विद्या बालन के साथ राशि खन्ना भी अहम भूमिका में नजर आएंगी. वहीं विजय राज और सुदेश लहरी भी फिल्म का हिस्सा हैं.यह फिल्म अक्षय कुमार और विद्या बालन की जोड़ी को भी फिर से बड़े पर्दे पर साथ ला रही है. दोनों ने पहले कई लोकप्रिय फिल्मों में साथ काम किया है और दर्शकों के बीच उनकी जोड़ी आज भी काफी पसंद की जाती है.इस फिल्म को शिरीष रेड्डी और कुलदीप राठौर प्रोड्यूस कर रहे हैं, वहीं केप ऑफ गुड फिल्म्स भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ा है. यह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस की 60वीं फिल्म है. निर्माता दिल राजू एक बार फिर ऐसी फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसमें बड़ा स्टार, दमदार निर्देशक और एंटरटेनमेंट का पूरा पैकेज देखने को मिलेगा.



## सतरंगी - बदले का खेल का ट्रेलर लॉन्च किया

**हिंदी** मूल ड्रामा श्रृंखला सतरंगी बदले का खेल का ट्रेलर जारी कर दिया है, यह कहानी ग्रामीण उत्तर प्रदेश के सामंती माहौल पर आधारित है. इस श्रृंखला में अंशुमान पुष्कर, कुमुद मिश्रा, महवश, उपेन चौहान और कशिश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे. श्रृंखला का निर्देशन जय बसंतू सिंह ने किया है और इसका निर्माण आरएनडी फिल्म एलएलपी ने किया है. यह श्रृंखला 22 मई 2026 को प्रदर्शित होगी.

'सतरंगी - बदले का खेल' की कहानी बबलू महतो (अंशुमान पुष्कर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लौंडा नाच कलाकार के बेटे के रूप में अपमान और चुप्पी के माहौल में बड़ा होता है. जाति और ताकत से बंटी सामंती व्यवस्था में पले-बढ़े बबलू को जल्दी समझ आ जाता है कि सिर्फ ताकत से नहीं, बल्कि सत्ता के खेल को समझकर ही जिया जा सकता है.

## 45 वर्ष की हुईं सनी लियोनी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सनी लियोनी आज 45 वर्ष की हो गयी है. 13 मई 1981 को कनाडा के सार्निया ओंटारियो में जन्मीं सनी लियोनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है.एक सिख पंजाबी परिवार में जन्मे सनी के पिता तिब्बत में पैदा हुए और दिल्ली में पले-बढ़े. उनकी मां हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से गांव सिरमौर के नाहन की रहने वाली थीं. वह बचपन से ही काफी फुर्तीले थी और लड़कों के साथ हॉकी खेलती थी.उसे आइस स्केटिंग करना बहुत पसंद था. परिवार ने सनी को कैथोलिक स्कूल में दाखिला दिलाया, ऐसा इसलिए था क्योंकि उन्हें लगा कि सनी के लिए पब्लिक स्कूल में जाना सुरक्षित नहीं है.

सनी ने महज 15 साल की उम्र में एक जर्मन बेकरी में अपनी पहली नौकरी कर ली थी. 19 साल की उम्र में सनी ने पोर्न इंडस्ट्री में कदम रखा और जल्द ही पोर्न इंडस्ट्री की क्वीन बन गईं. वर्ष 2011 में सनी ने अपने बॉयफ्रेंड और एक्टर डेनियल वेबर से शादी की. वर्ष 2011 में सनी कलर्स टीवी पर प्रसारित होने वाले मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस' का हिस्सा बनीं.एक दिन शो में फिल्ममेकर महेश भट्ट भी पहुंचे, जहां उनकी नजर सनी पर पड़ी. इसके बाद उन्होंने सनी को अपनी फिल्म के लिए एक रोल ऑफर किया.

सनी लियोनी ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'जिस्म 2' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इसके बाद सनी लियोनी ने जैकपॉट, रागिनी एमएमएस, मस्तीजादे, वन नाइट स्टैंड,कुछ कुछ लोचा है, ओ माई घोस्ट, बेईमान लव, एक पहेली लीला समेत कई फिल्मों में काम किया है.



## वसुधा' बना भारत के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो




**भारतीय** टेलीविजन के लिए यह एक बड़ा पल है. ज़ी टीवी ने एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी मजबूत पहचान और पक्की कर ली है, क्योंकि उसका प्रमुख शो 'वसुधा' अब सभी हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल्स में नंबर 1 फिक्शन शो बनकर उभरा है. 1.8 टीवीआर के शानदार आंकड़े के साथ 'वसुधा' ने सिर्फ पहला स्थान हासिल नहीं किया है, बल्कि टीवी की प्रतिस्पर्धा की तस्वीर भी बदल दी है. लंबे समय से आगे रहने वाले शोज, जैसे 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'अनुपमा' को पीछे छोड़ते हुए 'वसुधा' ने यह दिखाया है कि दर्शकों की पसंद अब बदल रही है. यह सिर्फ अच्छी परफॉर्मेंस की बात नहीं है, बल्कि यह टीवी की दुनिया में एक बड़े बदलाव का संकेत है. अब दर्शक नई कहानियों, अपने जैसे किरदारों और दिल से जुड़ी कहानी को ज्यादा पसंद कर रहे हैं. इस बदलाव के केंद्र में हैं 'वसुधा' के दो मुख्य किरदार, वसुधा और देव, जिन्होंने बहुत कम समय में घर घर में अपनी पहचान बना ली है. हर उम्र के दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव इस बात का संकेत है कि टीवी पर अब एक नए दौर की शुरुआत हो चुकी है. यह जोड़ी आज के दर्शकों से जिस तरह जुड रही है, उसने यह भी बदल दिया है कि किसी शो को नंबर 1 बनने के लिए क्या चाहिए. इस बदलाव की अगुवाई ज़ी टीवी कर रहा है. चैनल तेजी से बड़ी दर्शक संख्या को अपने साथ जोड रहा है, जिससे विज्ञापनदाताओं के लिए भी यह एक मजबूत मंच बनकर सामने आया है.

## विश्वास और समझ का मजबूत रिश्ता रहा है : राकेश बेदी



**राकेश** बेदी ने कहा, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा के 4700 एपिसोड पूरे करना हम सभी के लिए बेहद खास पल है. पिछले कई वर्षों में यह शो हमारे लिए एक विस्तारित परिवार जैसा बन गया है. असित जी के साथ मेरा जुड़ाव 'हम सब एक हैं' से शुरू हुआ था और तब से हमारे बीच हमेशा विश्वास और समझ का मजबूत रिश्ता रहा है. मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं. वह टेलीविजन के बेहतरीन क्रिएटर्स और प्रोड्यूसर्स में से एक हैं, जो अपने काम के प्रति बेहद समर्पित हैं और शो पर उनकी गहरी पकड़ है. मुझे सबसे ज्यादा यह बात पसंद है कि वह हर पहलू में पूरी तरह शामिल रहते हैं — स्क्रिप्ट से लेकर रीडिंग्स तक. वह यह सुनिश्चित करते हैं कि हर किरदार को सही जगह और महत्व मिले, और वही ईमानदारी स्क्रीन पर भी नजर आती है.' असित कुमार मोदी ने कहा, '4700 एपिसोड तक पहुंचना हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा पल है. यह सिर्फ टीम की मेहनत और दर्शकों के लगातार मिलते प्यार की वजह से संभव हो पाया है. मैं राकेश जी को कई वर्षों से जानता हूं और उनके साथ काम करना हमेशा आसान रहा है, क्योंकि उनके पास बेहतरीन अनुभव और समझ है. हमने हमेशा एक टीम की तरह साथ काम किया है और यही वजह है कि यह शो इतने लंबे समय तक सफलतापूर्वक चलता आ रहा है.

## हरमन बावेजा बने 'सिस्टम' के को-राइटर



**बॉलीवुड** अभिनेता और निर्माता हरमन बावेजा आगामी कोर्टरूम ड्रामा फिल्म सिस्टम के लिये को-राइटर बन गये हैं. मिसेज़, हक, कप्तान, भागवत: चैप्टर वन राक्षस जैसे प्रोजेक्ट्स को प्रोड्यूस करने के बाद अब हरमन बावेजा फिल्म सिस्टम लेकर आएं हैं,जहाँ वो सिर्फ प्रोड्यूसर ही नहीं, बल्कि को-राइटर की कुर्सी भी संभाल रहे हैं.

पिछले कुछ सालों में हरमन ने धीरे-धीरे खुद को एक ऐसे स्टोरीटेलर के रूप में सेट किया है, जो दिल को दिलाने वाली और समाज की सच्ची कहानियों से जुड़ी कहानियाँ सुनाता है और सिस्टम उसी सफर का अगला पड़ाव है. अश्विनी अय्यर तिवारी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर लीड रोल्स में नजर आएंगे.

फिल्म के बारे में बात करते हुए हरमन बावेजा ने कहा, 'सिस्टम सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं है. ये न्याय और असमानता की कहानी है, जिसे एक बहुत ही मनोरंजक अंदाज़ में पेश किया गया है. इस फिल्म को को-राइट करना मेरे लिए बेहद रोमांचक जर्नी रही, क्योंकि राइटिंग अब सच में मुझे बहुत पसंद आने लगी है. और जब साथ में अश्विनी जी, सोनाक्षी, ज्योतिका, आशुतोष सर और प्राइम वीडियो की पूरी टीम जैसा जबरदस्त प्रतिष्ठा हो, तो मज़ा दोगुना हो जाता है. प्रोड्यूसर और राइटर दोनों के तौर पर, ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगता है जो एंटरटेनमेंट भी करे और कुछ जरूरी बात भी कहे. अब बस इंतजार है कि ऑडियंस सिस्टम देखे और इसकी दुनिया और किरदारों से जुड़ जाए.'

पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और स्मिता बालिगा द्वारा प्रोड्यूस की गई सिस्टम को हरमन बावेजा, अरुण सुकुमार, अश्विनी अय्यर तिवारी, तसनीम लोखंडवाला और अक्षत घिल्डियाल ने मिलकर लिखा है.

## अदिति शर्मा ने किया वीडियो एल्बम 'इश्क जालिम है' का आगाज

**अदिति** शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने अपने नए वीडियो एल्बम 'इश्क ज़ालिम है' का आगाज़ किया है. बॉलीवुड गायक अंसारी मोहसिन द्वारा गाए, संगीतबद्ध और गीत लिखे गए इस वीडियो एल्बम का टीजर वीनस ओरिजिनल्स यूट्यूब पर आउट हो गया है. इस वीडियो एल्बम में पहली बार अभिनेत्री अदिति शर्मा और अभिनेता हम्द खान मुख्य भूमिका में हैं.

वीडियो एल्बम का निर्देशन रिदम सनाढ्य ने किया है, जिन्होंने अपनी निर्देशन क्षमता से इस वीडियो एल्बम को और भी खास बना दिया है. सनाढ्य ने बताया की अदिति बहुत ही मंझी हुई कलाकार है, उनके साथ शूट करना काफी आसान रहा, उन्होंने इमोशनल सीन में जान डाल दी, और किरदार को बखूबी निभाया, अभिनेता हम्द भी काफी मेहंदी कलाकार है.. फिल्म अभिनेत्री अदिति शर्मा ने बताया कि 'मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हूं.मैं कई फ़िल्मों में अभिनय कर चुकी हूं. मैंने मौसम, इक्कीस तोपों की सलामी, लेडिज वेर्सेज रिकी बहल, जोगिन्द्र सिंह, सूबेदार जैसी फिल्मों में काम किया है.



## वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने शुरू किया समर फीस्टा

**वार्नर** ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) भारतीय बच्चों के मनोरंजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए 2026 की गर्मियों के लिए लेकर आए हैं समर फीस्टा, जो कंपनी की सबसे बड़ी स्थानीय कंटेंट पहल है. साथ ही इसके दो मशहूर एवं प्रमुख ब्राण्ड्स- पोगो और कार्टून नेटवर्क पर भारत में बने दो ओरिजिनल आईपी भी लॉन्च किए गए हैं. तीन किड्स एंटरटेनमेन्ट चैनलों पर 200 से अधिक नए एपिसोड्स के साथ यह पहल भारत की अपनी रचनात्मक प्रतिभा और ओरिजिनल आईपी के विकास में निवेश के द्वारा अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. नए आईपी एवं 2026 स्लेट के लॉन्च की घोषणा करते हुए श्री अभिषेक, हैड ऑफ फैक्चुअल एंटरटेनमेन्ट, लाईफस्टाइल एंड किड्स- साउथ एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी ने कहा, ''वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में हम सिर्फ शो नहीं बनाते- बल्कि हम दुनिया का निर्माण करते हैं. पोगो पर संपत चंपत तथा कार्टून नेटवर्क पर कियन एंड किकी के साथ हम फ्रैंचाइज़ आधार पर ओरिजिनल भारतीय आईपी में निवेश कर रहे हैं. हमारे हर किरदार और हर कहानी को इस तरह से डिज़ाइन किया जाता है कि यह टेलीविजन और सीमाओं के दायरे से कहीं आगे जाए.









## 24000 साल बाद जिंदा हुआ यह रहस्यमयी जीव

**लंदन:** वैज्ञानिकों ने 24000 पुराने एक प्रागैतिहासिक जीव को फिर से जीवित करने में सफलता पाई है. उन्होंने बताया है कि यह बहुत छोटा जीव आर्कटिक क्षेत्र की पर्माफ्रॉस्ट (हमेशा जमी रहने वाली बर्फीली जमीन) में लगभग 24000 सालों से फंसा हुआ था. इस जीव को 'बडेलॉइड रोटिफर' कहा जाता है. इस वैज्ञानिक उपलब्धि ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है. इस उपलब्धि ने अस्तित्व, समय और यहां तक कि जैविक सीमाओं के बारे में कई सवाल खड़े किए हैं.

बडेलॉइड रोटिफर जीव को साइबेरिया की बर्फीली जमीन के नीचे दबा हुआ पाया गया था. इसके बाज इसे प्रयोगशाला में इसे फिर से जीवित किया गया. इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि यह जीव न सिर्फ जीवित रहा, बल्कि इसने अपनी संख्या बढ़ाना भी शुरू कर दिया. इस जीव के बारे में स्टडी को 'करंट बायोलॉजी' नाम की साइंस मैगजीन में प्रकाशित किया गया है.

'24,000 साल पुरानी आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट से मिला एक जीवित बडेलॉइड रोटिफर' शीर्षक के प्रकाशित इस स्टडी में वैज्ञानिकों ने इस बात की पुष्टि की है कि यह जीव हजारों सालों तक बर्फ में जमे रहने के बाद सफलतापूर्वक फिर से जीवित हुआ और इसने प्रजनन भी किया है.वैज्ञानिकों ने बताया कि बडेलॉइड रोटिफर की खोज उत्तर-पूर्वी साइबेरिया से लाए गए पर्माफ्रॉस्ट के नमूनों में हुई.


वैज्ञानिकों ने जमीन में काफी गहराई तक छेद किए, जहां की मिट्टी कई शताब्दियों से जमी हुई थी. मिट्टी की उम्र का पता लगाने के लिए 'रेडियोकार्बन डेटिंग' तकनीक का इस्तेमाल किया गया और अनुमान लगाया गया कि यह लगभग 24,000 साल पुरानी है. बडेलॉइड रोटिफर बहुत छोटे (सूक्ष्म) जीव होते हैं जो आमतौर पर ताजे पानी में पाए जाते हैं.

## यूरोप में चलेगी लू तो ऑस्ट्रेलिया में आएगा सूखा

**दुनिया** पर ग्लोबल वॉर्मिंग के बढ़ते खतरे के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि साल 2026 अब तक के सबसे गर्म वर्षों में से एक बन सकता है. यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब संभावित अल नीनो के बीच उत्तरी गोलार्ध गर्मी के मौसम में प्रवेश कर रहा है.

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अप्रैल के अंत में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भूमध्य रेखा पर प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह तेजी से गर्म हो रही है. इससे मई और जुलाई के बीच अल नीनो की स्थितियां बनने की संभावना है. हालांकि, अभी भी पूर्वानुमान लगाना मुश्किल बना हुआ है.

वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार, संभावित अल नीनो की स्थिति बनने पर अमेरिका के दक्षिणी इलाके, दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में अधिक नमी की संभावना है. वहीं, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है. वैज्ञानिकों की चेतावनी में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रभाव और भी तेज हो सकता हैं.



यूरोपीय यूनियन की कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इस साल की शुरुआत में ही अटलांटिक और भूमध्य सागर के कुछ हिस्सों में समुद्र की सतह के असामान्य रूप से गर्म तापमान की सूचना दी. इससे यूरोप में लू की आशंका बढ़ गई है.

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के डेप्युटी सेक्रेटरी को बैरेट ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि से जलवायु जोखिम बढ़ रहे हैं, प्रारंभिक चेतावनी महत्वपूर्ण होती जा रही है. यही वजह है कि WMO और संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभिक चेतावनी पहल को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है ।

## 'सदी का सबसे खास' नजारा?

**पेरिस:** अगर आप सूर्य ग्रहण देखने के शौकीन हैं, तो अगले दो साल आपके लिए खास होने वाले हैं. 2026 और 2028 के बीच, पृथ्वी दो सालों में तीन पूर्ण सूर्य ग्रहण देखेगी, लेकिन पहले दो ग्रहणों को लेकर ग्रहण देखने वाले लोगों के बीच बहस छिड़ी हुई है. लोग अपने-अपने हिसाब से दोनों सूर्य ग्रहण की खासियतों का जिक्र कर रहे हैं. इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा 2 अगस्त 2027 को लगने वाले सूर्य ग्रहण की हो रही है. खगोलविदों का भी कहना है कि इस दिन लगने वाला सूर्य ग्रहण ज्यादा व्यापक होगा. वैसे एक पूर्ण सूर्य ग्रहण इस साल भी लग रहा है, जो 12 अगस्त 2026 को दिखाई देगा.

12 अगस्त 2026 और 2 अगस्त 2027 को चंद्रमा की परछाई पृथ्वी के कुछ सबसे आसानी से पहुंचने लायक और देखने में बेहद खूबसूरत इलाकों से होकर गुजरेंगी. ये दोनों घटनाएं सूर्य के कोरोना (बाहरी आवरण) के ऐसे नजारे दिखाएंगी, जिन्हें आप आसानी से भूल नहीं पाएंगे. इन दोनों दिन सूर्य ग्रहण के दौरान दिन में रात जैसा नजारा देगा.

हालांकि, दोनों घटनाएं एक दूसरे से बिलकुल अलग अनुभव प्रदान करेंगी.स्पेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, आइसलैंड और इटली समेत कई यूरोपीय देशों के लोग अलग-अलग टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर जाकर इस घटना को देख सकते हैं. ये सभी देश हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं. ऐसे में इन देशों में सूर्य ग्रहण के अनोखे नजारे को देखने के लिए पूरी दुनिया से लोग पहुंचेंगे.

## भारत में मोटोरोला का पहला फोल्डेबल फोन लॉन्च

**मोटोरोला** ने अब फ्लिप फोन के बाद फोल्डेबल फोन बाज़ार में भी कदम रख दिया है. कंपनी ने भारतीय बाज़ार में अपना पहला फोल्डेबल फोन मोटोरोला रेज़र फोल्ड लॉन्च कर दिया है. इसमें बड़ी स्क्रीन दी गई है. स्मार्टफोन की कीमत 1,49,999 रुपये है. फोन के पीछे की तरफ 50 मेगापिक्सल के तीन कैमरे लगे हैं. सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल और 20 मेगापिक्सल के दो कैमरे मिलते हैं. फोन में 80 वॉट तेज़ चार्जिंग दी गई है. ऑफ़र के तहत फोन को 99,999 रुपये में प्री-ऑर्डर किया जा सकता है. कीमत और तकनीकी विवरण नीचे जानिए.




**स्क्रीन और डिज़ाइन**- मोटोरोला के इस फोल्डेबल फोन में 8.1 इंच का 2K LTPO पॉल्ड मुख्य डिस्प्ले दिया गया है. इसका रिफ्रेश रेट 120 हर्ट्ज़ है और पीक ब्राइटनेस 6200 निट्स है. फोन का दूसरा डिस्प्ले 6.56 इंच का LTPO पॉल्ड है, जिसका रिफ्रेश रेट 165 हर्ट्ज़ है. खुलने पर फोन की मोटाई 4.55 मिलीमीटर हो जाती है. इसमें टाइटेनियम अंदरूनी प्लेट और स्टेनलेस स्टील का जोड़ (हिंज) इस्तेमाल किया गया है.

यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है, जिसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास सिरेमिक 3 की सुरक्षा मिल रही है.

**प्रोसेसर और बैटरी**- फोन में मोटोरोला ने स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर दिया है. इसमें 16 जीबी तक की LPDDRzX रैम और 512 जीबी तक का आंतरिक संग्रहण (स्टोरेज) मिलता है.

### खास फीचर्स

फोन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता फीचर्स भी दिए गए हैं. इसमें मोटो एआई टूल्स हैं, जो नोटिफिकेशन सारांश और वास्तविक समय में लिप्यंतरण (ट्रांसक्रिप्शन) में मदद करते हैं. कंपनी ने 7 साल तक एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम और सुरक्षा अपडेट देने का वादा किया

फोन 6000mAh की बड़ी सिलिकॉन कार्बन बैटरी से लैस है.यह 80 वॉट टर्बोपावर वायर्ड और 50 वॉट वायरलेस चार्जिंग का समर्थन करता है.